
# 2.33 करोड़ की ठगी में बीकानेर के दो मौलवी भाई रिमांड पर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोतवाली पुलिस ने 2.33 करोड़ की ठगी के आरोप में दो मौलवियों को गिरफ्तार कर आरोपी दोनों सगे भाईयों को 12 सितम्बर को अदालत में पेशकर दो तीन के रिमांड पर लिया है।

धोखाधड़ी के अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। एएसपी रघुवीर शर्मा ने बताया कि आरोपी हमीदुल्ला रिजवी व उसके भाई अत्ताउल्लाह पुत्र कारिद्दीन मोहम्मद रिजवी निवासी गांव जलालसर पोस्ट थाना जामसर बीकानेर, हाल किरायेदार मकान मोहम्मद सलीम तिलकनगर एसबीआई बैंक वाली गली बीकानेर को गिरफ्तार किया है।

धोखाधड़ी का यहा मामला 6 माह पहले दर्ज किया गया था। इस संबंध में कोतवाली थाने से हैड कांस्टेबल सत्यनारायण कूंकणा और कांस्टेबल परताराम ज्याणी की विशेष टीम गठित की थी। एएसपी ने बताया कि आरोपी मौलवी हैं। आरोपियों ने परिवादी से दो करोड़ 33 लाख रूपए की ठगी की थी। पीडित हरमिलापी कॉलोनी निवासी प्रेम अरोड़ा ने कोतवाली में 5 मार्च को परिवाद देकर मुकदमा दर्ज करवाया था। एफआईआर के अनुसार प्रेम अरोड़ा ने जुलाई 2021 में दुर्गा मंदिर के पास भूखंड खरीदा था।

भूखंड के पीछे मकान में सुरेश ग्रोवर रहता है। उसने पीड़ित को बताया कि उनके भूखंड में सोना दबा हुआ है। कुछ साल पहले गुरूजी ने प्लाट देखकर बताया था। परिवादी ने उक्त भूखंड में मकान बनाने की योजना



ठगी के आरोप में दो मौलवियों को गिरफ्तार किया।

बनाई। परिवादी के दोस्त सतपाल बिश्नोई व महेन्द्र सिंह ने मुहूर्त निकालकर निर्माण शुरू करवाने को कहा। कुछ दिन बाद सतपाल व महेन्द्र एक गुरूजी को लेकर आए। प्लाट देखकर उन्होंने चूना मंगवाया। मंत्र पढ़कर चूने में आग लगा दी। उस अताउल्ला नाम के गुरूजी ने कहा कि भूखंड की जमीन में मटके में सोने की अशर्फियां दबी हुई हैं। प्लाट में 80 से 90 किलो सोना दबा होने का झांसा दिया। पीडित प्रेम अरोड़ा ने परिवाद में बताया कि इसके बाद भूखंड में दबे सोने के शुद्धिकरण के लिए, कभी सोने

- **प्लाट में 80 से 90 किलो सोना दबा होने का झांसा देकर सोने की शुद्धिकरण के नाम पर रूपये ऐंठते रहे**
- **कभी सोने की रखवाली करने वाली आत्मा की शांति को 11 घोड़ों की बलि देने के लिए पैसे ऐंठता रहा**

की रखवाली करने वाली आत्मा की शांति को 11 घोड़ों की बलि देने के लिए पैसे ऐंठता रहा।

आरोपी अताउल्लाह व उसके साथी हमीदुल्ला ने सतपाल, महेन्द्र व सुरेश ग्रोवर के साथ सांठगांठ करके पीड़ित को डरा डराकर 2 करोड़ 33 लाख रूपए ठग लिए। पीड़ित दो साल तक आरोपियों के साथ पंचायतें करता रहा और रूपए वापस मांगता रहा। आरोपियों ने न तो रूपए लौटाए न ही सोना निकालकर दिया।

**युवक से मारपीट :** अनूपगढ़ के रायसिंहनगर में पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने एक युवक के कमरे में घुसकर उसे बुरी तरह पीटा था। इससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने बताया कि इस संबंध में रायसिंहनगर इलाके के गांव 82 आरबी के शीशपाल पुत्र खेताराम ने करीब पंद्रह दिन पहले मामला दर्ज करवाया था। इसमें कहा गया था कि 28 अगस्त को उसका बेटा सिकंदर उसके बेचे ट्रैक्टर की पेमेंट 60 हजार रूपए लेकर रायसिंहनगर में थरेजा हॉस्पिटल के पास स्थित अपने किराए के कमरे पर आया था।

इसी दौरान गांव 85 आरबी के गौरू, गजसिंहपुर के पाला और पांच-सात अन्य ने जबर्दस्ती उसके कमरे में प्रवेश किया और उससे मारपीट की। आरोपियों ने डंडों, लोहे की रॉड और तलवारों से सिकंदर पर हमला कर दिया। इससे सिकंदर गंभीर घायल हो गया और बेहोश होकर गिर गया। शोर सुनकर आए नितेश भाकर और मनीष वर्मा ने सिकंदर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच अधिकारी एएसआई विनोद कुमार ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

इस मामले में आरोपी रामसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव 14 एपीडी कमराणिया के वार्ड छह के रहने वाले योगेंद्र कुमार उर्फ योगी (21) पुत्र रामकुमार, एक एसजेएम करणीसर के वार्ड पांच के रहने वाले नरेश कुमार उर्फ नरेश सिंह उर्फ निशु पुत्र हरिसिंह और 85 आरबी के लवप्रीत सिंह उर्फ लब्बू उर्फ प्रीत सिंह (19) पुत्र भजन सिंह को गिरफ्तार किया गया। मामले के एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके साथ ही पूर्व में एक किशोर को भी पकड़ा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 3.38 करोड़ मुआवजा मिलेगा

**बीकानेर,**(कासं)। मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी वंदना राठौड़ ने आठ साल पहले गुड़ा फांटा की तरफ बेलदारों की ढाणी के पास सड़क हादसे में दो डॉक्टर सहित पांच लोगों की मौत पर वारिसों को तीन करोड़ 38 लाख 8 हजार 234 रूपए मुआवजा ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश दिए हैं। यह मुआवजा राशि वाहन मालिक, ट्रक ड्राइवर एवं संबंधित बीमा कंपनी संयुक्त एवं पृथक-पृथक रूप से मृतकों के वारिसों को देगी।

18 जून, 2016 को जीप में सवार डॉ. राजकुमार दरगड़, डॉ. सुमेरसिंह, मनसुखदास, संतोष जोशी और हंसराज राणा राज्य सरकार की योजना के अनुसार बज्जू में परिवार कल्याण व नसबंदी कार्यक्रम में भाग लेकर सीएमएचओ ऑफिस बीकानेर जा रहे थे। रास्ते में गुड़ा फांटे की तरफ बेलदारों की ढाणी के पास एनएच 15 पर सामने से आ रहे ट्रक डंपर के चालक ने लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाकर गलत साइड में आकर जीप को टक्कर मार दी। हादसे में जीप में सवार सवार डॉक्टर, मेडिकल स्टॉफ सहित पांचों लोगों की मौत हो गई थी।

मृतकों के परिजनों ने मोटरयान दुर्घटना अधिकरण में दावा पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद अधिकरण की पीठासीन अधिकारी ने न्यू इंडिया एंश्योरेंस कंपनी लि., वाहन मालिक इरकॉन इंटरनेशनल लि. और यूपी में जिला कौशांबी निवासी ट्रक ड्राइवर धर्मदास यादव को आदेश दिए हैं कि वे मृतकों के वारिसान को तीन करोड़ 38 लाख 8 हजार 234 रूपए के मुआवजे का भुगतान करेंगे। मृतकों के वारिसों की ओर से वकील पैरवी रोहित खन्ना ने की।

## सार-समाचार


### पुष्करणा कन्या छात्रावास को जांचा



विधायक जेठानंद व्यास ने निर्माणाधीन पुष्करणा कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास में शुक्रवार को हरोलाई हनुमान मंदिर क्षेत्र में निर्माणाधीन पुष्करणा कन्या छात्रावास का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पुष्करणा समाज की बालिकाओं के लिए बनने वाले इस छात्रावास को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने इसके निर्माण में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं का आभार जताया और कहा कि इस दिशा में किया गया कार्य अनुकरणीय है। उन्होंने अपने माता पिता की स्मृति में एक कक्ष बनाने के लिए तीन लाख रूपये देने की सहमति जताई। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियों को इससे लाभ होगा। वे यहां रहकर उच्च शिक्षा अध्ययन अथवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगी। पूर्व सरपंच रामकिशन आचार्य ने यहां अब तक हुए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अब तक यहां लगभग 75 लाख रूपए व्यय हो चुके हैं। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी रही है। उन्होंने भावी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीकानेर पुष्करणा समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। विधायक ने अब तक हुए कार्यो को देखा और इस पर संतोष जताया। इस दौरान राजेश चूरा, केशव पुरोहित, मोटूलाल हर्ष, भंवर पुरोहित, दुर्गाशंकर आचार्य, आनंद जोशी, नरेश आचार्य, नरेन्द्र आचार्य, महेन्द्र चूरा, नंद कुमार आचार्य, सुशील आचार्य, नरेश जोशी, पूनम जोशी, अनिल आचार्य, नवनीत पुरोहित, शैलेश आचार्य और मुरली व्यास आदि मौजूद थे।

### गंगनहर नहर का अवलोकन किया



गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने गंगनहर नहर प्रणाली का अवलोकन किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने शुक्रवार को गंगनहर का निरीक्षण कर नहर प्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा नहर प्रणाली सिस्टम से अवगत करवाया गया। जल संसाधन वृत के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि जिला कलेक्टर ने सबसे पहले खखां हैड का अवलोकन किया। यहां नहर प्रणाली की व्यवस्थाओं को देखने के बाद जिला कलेक्टर शिवपुर हैड पहुंची। रास्ते में चक में पक्के खाले और नाका सिस्टम को देखा। शिवपुर हैड पर अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को गंगनहर के जरिए पंजाब से आने वाले नहरी पानी की आवक और नहर वितरिकाओं के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचने की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने शिवपुर हैड स्थित पर्यटन स्थल का भी अवलोकन कर इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने ई-माइनर पर आउटलेट का अवलोकन किया। राजस्व अधिकारियों द्वारा क्रॉप मॉनिटरिंग व्यवस्था की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर द्वारा लिंक चैनल पर पीएचईडी के रिजर्व रॉ वाटर सिस्टम और प्रस्तावित गाजर मंडी साइट का भी अवलोकन किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एसडीएम रणजीत कुमार, तहसीलदार और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### तेरापंथ दीक्षा कार्यक्रम की तैयारी

**नोखा,** (कासं)। रचनात्मक आध्यात्मिक आयोजन वर्तमान में भौतिकता विलासिता की चकाचौंध में संयम स्वीकार करना परिग्रह सांसारिक सुख त्यागना आश्चर्य लगता है। किन्तु कुछ विरल व्यक्तित्व भावित आत्मा अपने कल्याण के लिए कठोर संयम मार्ग पर अग्रसर होकर तिन्नाणं तारयाणं की उक्ति चरितार्थ करते हैं। धर्म नगरी नोखा में आचार्य महाश्रमण की आज्ञा से विलक्षण दीक्षा उत्सव साध्वी राजीमति के द्वारा भव्यता लिए 16 सितम्बर को सुबह 9 बजे महावीर चौक तेरापंथ भवन परिसर में जन मेदनी के समक्ष संपन्न होगी। मीडिया प्रभारी इंद्रचंद बैद ने बताया कि 14 सितम्बर को रात 8 बजे से भजन संध्या होगी। 15 सितम्बर को सुबह 6:15 बजे शोभायात्रा वरघोड़ा विभिन्न मार्गों से होगा। तेरापंथ सभा का स्वर्ण जयंती समारोह सुबह 9 बजे से होगा। 16 सितम्बर सुबह 9 बजे से जैन भागवती दीक्षा समारोह प्रारंभ आंचलिया परिवार की ओर से आज्ञा पत्र संयम दीक्षा केशलोचन ओगा भेंट शासन गौरव साध्वी राजीमति द्वारा अद्भुत गौरवशाली भव्यता लिए नोखा में इतिहास में पहली बार होगा। तेरापंथी सभा अध्यक्ष शुभकरण चौरड़िया, मंत्री मनोज घीया, उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़, महावीर नाहटा, पूर्व अध्यक्ष निर्मल भूरा, दिलीप बैद, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन मरोठी, मंत्री प्रीति मरोठी, तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा, मंत्री सुरेश बोथरा व कन्या मंडल सहित तेरापंथ समाज दीक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं।

# वायरल बुखार के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग में इन दिनों वायरल बुखार के रोगियों की संख्या अचानक बढ़ गई है। आउटडोर 800 तक पहुंच गया है। थ्रोम्बोसाइटोपीनिया के रोज 30 से 40 मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। इन्हीं में से कुछ डेंगू पॉजिटिव भी आ रहे हैं।

पीबीएम के मेडिसिन आउटडोर में इन दिनों से 30-40 ऐसे मरीज रिपोर्ट हो रहे हैं, जिनकी प्लेटलेट गिर कर 30 हजार तक आ रही है। इसे थ्रोम्बोसाइटोपीनिया वायरल कहा जाता है। ऐसे मरीजों को तत्काल भर्ती किया जा रहा है। इनमें से कुछ के 24 घंटे बाद ही एनएस 1 एंटीजन पॉजिटिव आ जाता है। कुछ के पांच दिन बाद आईजीएम टेस्ट कराने पर डेंगू पॉजिटिव आ रहा है। मेडिसिन विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार बारिश अच्छी होने

- **ओपीडी 500 से बढ़कर 800 तक पहुंच गया है, रोज 30 से 40 मरीज वायरल बुखार के भर्ती हो रहे हैं**

के कारण जगह-जगह पानी भरने से मच्छरों की तादात बढ़ रही है। इससे थ्रोम्बोसाइटोपीनिया वायरल तेजी से फैल रहा है। ओपीडी 500 से बढ़कर 800 तक पहुंच गया है। रोज 30 से 40 मरीज वायरल बुखार के भर्ती हो रहे हैं।

इनकी प्लेटलेट कम हो रही है। इनका इलाज डेंगू मानकर किया जा रहा है। क्योंकि एनएस1 एंटीजन और आईजीएम टेस्ट में इन्हीं में से कुछ मरीज डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट हो रहे हैं। कई बार पॉजिटिव नहीं आते। तब भी इलाज यही होगा। उधर सीएमएचओ के आंकड़ों पर नजर डालें तो सितम्बर के महीने में दस दिन में डेंगू के 18 मरीज पॉजिटिव रिपोर्ट हो चुके हैं। पहले सप्ताह में 11 मरीज पॉजिटिव आए थे।

डेंगू के प्रदेश के 50 जिलों में कुल 2492 रोगी रिपोर्ट हुए हैं। बीकानेर 246 केस के साथ दूसरे नंबर पर है। उदयपुर में सबसे ज्यादा 328 केस आए हैं, जबकि 213 केस के साथ जयपुर का नंबर तीसरा है। यह आंकड़े चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए गए हैं। विभाग की रिपोर्ट में प्रदेश में डेंगू के अलावा मलेरिया के 820 और चिकनगुनिया के 98 पॉजिटिव बताये गए हैं। बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल की रिपोर्ट के अनुसार इस साल डेंगू से दो मौतें हुई हैं। दस सितम्बर तक 231 पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं।

## भाई पर ही भाई की हत्या का आरोप

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के गंगाशहर थाना इलाके में भाई की भाई द्वारा हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के एक भाई गोपीराम ने दूसरे भाई श्रवण राम पर हत्या का आरोप लगाया है।

चौधरी कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय शंकर लाल विश्नोई की बुधवार को मौत हो गई थी। आरोप है कि श्रवण राम व उसकी पत्नी शिव प्यारी ने शंकर लाल के साथ मारपीट की। उसके सिर पर चोट मारी, जिससे उसकी मौत हुई है। परिवादी ने बताया कि मृतक शंकर आरोपी श्रवण के साथ उसके घर पर ही रहता था। परिवादी के अनुसार घटना के वक्त शंकर सिर पर चोट थी तथा वह खून से लथपथ था। जब तक दूसरे भाई पहुंचे उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि हत्या के आरोप में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## पेयजल लाइन में लीकेज, पानी घरों की नींव में पहुंचा

**अनूपगढ़,** (कासं)। जिले के वार्ड नंबर 18 में गढ़ के पास सड़क के नीचे पेयजल सप्लाई की पाइप लीकेज होने की वजह से आसपास के घरों में जा रहा पानी एक मकान की नींव तक पहुंच गया। जिससे मकान को नुकसान पहुंचा है। मकान मालिक ने विभाग के प्रति अपना रोष व्यक्त किया है।

इस मौके पर सोहन बलाना, भोलू बलाना और रमेश कुमार सहित वार्ड पार्षद राजेन्द्र भी मौके पर पहुंचे और जलदाय विभाग के उच्च अधिकारी को फोन पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर जेईएन अनिल देव मौके पर पहुंचे और मौका देखा। इस दौरान नागरिकों ने रोष व्यक्त किया। लेकिन वार्ड पार्षद राजू चलाना ने मौके पर पहुंचकर नागरिकों से समझाइश की और जेईएन को बताया कि यह समस्या पिछले काफी दिनों से चल रही है तथा इसका समाधान अति शीघ्र करवाया जाए। पार्षद राजू ने बताया कि पाइप

- **मकान की नींव में जा रहा पानी, जेईएन को मौके पर बुलाया**
- **जेईएन ने मौके पर पानी की सप्लाई भी छुड़वाकर मौका देखा**

लीकेज का पानी लोगों के मकान की नींव में जा रहा है जिससे बड़ा हादसा भी हो सकता है।

जेईएन ने मौके पर पानी की सप्लाई भी छुड़वाकर मौका देखा। पार्षद ने बताया कि पाइपलाइन में आये लीकेज को सही करवाने के लिए प्रयास किए जायेंगे। जेईएन अनिल देव ने वार्ड वासियों को आश्वासन दिया कि जल्दी इस समस्या का समाधान कर दिया जायेगा।

# हाईटेक खेती सीखने विदेश जायेंगे किसान

**बीकानेर,**(कासं)। संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. दयाशंकर ने बताया कि प्रदेश के 100 युवा प्रगतिशील कृषक नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत इजराइल सहित अन्य देशों में कृषि भ्रमण के लिए जायेंगे। इसके लिए कृषि एवं पशुपालन में विशेष पहचान बनाने वाले किसानों एवं पशुपालकों का चयन किया जाना है।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कैलाश चौधरी ने बताया कि संभाग में बीकानेर जिले के 33, चूरू के 22 एवं जैसलमेर के 12 समेत प्रदेश के सौ किसानों ने विदेश यात्रा के लिए आवेदन कर रूचि जताई है। पात्र कृषकों के चयन हेतु अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय कमेटी की बैठक

- **बीकानेर जिले के 33 समेत प्रदेश के सौ किसानों इजराइल जायेंगे**

का आयोजन आत्मा सभागार बीकानेर में किया गया। कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने पावर पाइंट प्रजंटेशन के माध्यम से उद्यान आयुक्तालय जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देश व चयन हेतु निर्धारित मापदंडों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों का चयन भू स्वामित्व, कृषि क्षेत्र में कार्य करने की निरंतरता, उन्नत टेक्नोलॉजी, आपराधिक मुकदमे ना होना, शिक्षा तथा वैध पासपोर्ट के आधार पर किया जायेगा।

## रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेन रवाना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। यहां श्रीगंगानगर-रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेन में शुक्रवार को बड़ी संख्या में यात्री रवाना हुए। श्रीगंगानगर से यह ट्रेन सुबह 10.25 बजे रवाना हुई।

ट्रेन यहां से श्रीकरणपुर, गजसिंहपुर, रायसिंहनगर, अर्जुनसर, महाजन, धीरेरा, लूणकरनसर, लालगढ़, कोलायत फलौदी होते हुए रामदेवरा तक जायेगी। ट्रेन का संचालन 18 सितम्बर तक किया जायेगा। इस दौरान रामदेवरा में ट्रेन का ठहराव मात्र एक घंटे के लिए होता है। ट्रेन रात 9.35 बजे रामदेवरा पहुंचकर 10.30 बजे वापस रवाना होती है। जो कि वापस इसी रूट से होते हुए सुबह साढ़े आठ बजे श्रीगंगानगर पहुंच जाती है।

# पति-पत्नी के झगड़े में कमरे में रखे सामान को लगाई आग

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के कोतवाली थानान्तर्गत उस समय मौहल्ले में अफरा तफरी मच गई जब कुछ लोग एक घर में घुस गये और परिजनों के साथ मारपीट कर घर में आग लगा दी। इसको लेकर दोनों पक्षों की ओर से परस्पर मामले दर्ज करवाए गये है।

जानकारी के अनुसार जैन पाठशाला के पीछे मुडिया मालियों मौहल्ला निवासी सतीश कुमार सोनी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि गुरूवार शाम को उसके पिता मूलचंद सोनी, भाई इन्द्रप्रकश सोनी और मेरा पुत्र ईशान बैठे तभी एक राय होकर मेरे ससुर गोपाल सोनी सास ललिता सोनी, पत्नी मोनिका, साले सुनील व उसकी पत्नी सुनीता जबरन मेरे घर में

- **दोनों पक्षों की ओर से परस्पर मामले दर्ज करवाए गये हैं**

घुसे गये और मकान में तोड़फोड़ करने लगे। इतना ही नहीं इन सभी ने हमारे साथ मारपीट की। मेरे घर का सारा सामान तीतर बीतर कर दिया और मेरे पत्नी मोनिका व ससुर व साले ने मेरी अलमारी से बीस हजार रुपये व सोने की चैन की निकाल ली। जाते समय घर के कमरे में आग लगा दी और कहा कि आज तो तेरे घर को आग लगाई है अगली बार तुम्हें भी आग के हवाले कर देंगे। तुम सबका नामो निशान मिटा देंगे। आगजनी व मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची और अग्निशमन की गाड़ी को बुलाकर आग पर काबू किया गया। सतीश कुमार सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुनारों की बड़ी गुवाड़ में रहने वाले गोपाल सोनी, ललिता सोनी, मोनिका सोनी, सुनील, विकास, पंकज, सुनीता, जेबिन के खिलाफ 333, 115 (2) 126(2) 326, जी, 189(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच हनुमान सिंह हैड कांस्टेबल को दी गई है।

उधर सतीश कुमार की पत्नी मोनिका सोनी ने बताया कि दोपहर बाद लगभग पौने पांच बजे वह मुडिया मालियों के मोहल्ले में अपने ससुराल अपने कपड़े लेने अपनी भाई व भाभी के साथ गई थी।

# लोकदेवता बाबा रामदेव का भरा मेला, हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**श्रीगंगानगर,**(कासं)।यहां लोकदेवता बाबा रामदेव का मेला भरा। इस दौरान शहर के सूरतगढ़ रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। यहां सुबह से शुरू हुआ भक्तों के पहुंचने का क्रम शाम बाद तक अनवरत जारी रहा।

मुख्य मंदिर से कुछ दूरी पर सेवादारों ने श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे ग्रुपों में मुख्य मंदिर तक प्रवेश करवाया। यहां प्रसाद अर्पित करने के लिए अलग सेवादारों की व्यवस्था थी। वहीं बाबा को झाड़ू और नमक अर्पित करने के लिए अलग स्थान था। मंदिर में प्रवेश के लिए पहले गेट का उपयोग किया गया। जबकि बाहर निकलने के लिए आगे के मुख्य गेट को रखा गया।

मंदिर कैम्पस में चितलांगिया ट्रस्ट की ओर से लंगर लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर के बाहर



श्रीग्रगानगर में सूरतगढ़ रोड स्थित लोक देवता बाबा रामदेव के मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

जय बाबे री मंडल सहित विभिन्न संगठनों ने लंगर लगाये। मंदिर परिसर में जलजीरा और नमकीन वितरित किए गए। मंदिर के बाहर सुखाड़िया सर्किल से अग्रसेन चौक तक वाहनों की आवाजाही रोकी गई। इन वाहनों को सुखाड़िया मार्ग होते हुए निकाला गया। शहर के मदन विहार स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बाबा का विशेष शृंगार किया

- **मंदिर कैम्पस में चितलांगिया ट्रस्ट की ओर से लंगर लगाया गया**
- **बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया**

गया। यहां बाबा को विशेष भोग लगाने के साथ ही सजावट भी की गई। मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर से बाहर मदन विहार कॉलोनी मेन रोड तक बैरिकेडिंग की गई। मंदिर परिसर के आसपास दुकानें सजाई गई तथा बाबा का लंगर भी लगाया गया। इंदिरा कॉलोनी के बाबा रामदेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। यहां नारियल, बताशे का प्रसाद चढ़ाया।

# सी.एम.एच.ओ. ने की निजी अस्पतालों की जांच

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाने की मिल रही शिकायतों के बाद सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने शुक्रवार को टाउन शहर के दो निजी अस्पतालों की जांच की।

हनुमानगढ़ में लपका गिरोह के जरिए मां योजना के तहत जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाने की मिल रही शिकायतों के बाद सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने शुक्रवार को टाउन शहर के दो निजी अस्पतालों की जांच की। इन अस्पतालों में ओटी के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

सीएमएचओ ने भर्ती मरीजों से भी बात कर यह जानने का प्रयास किया कि उनसे किसी तरह के पैसे लिए जा रहे हैं। वे अपनी मर्जी से आए हैं या उन्हें कोई बहला-फुसलाकर इस अस्पताल में लाया है। पूर्व में भर्ती और वर्तमान में डिस्चार्ज हो चुके मरीजों से भी फोन पर

- **सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लपका गिरोह के जरिए मरीजों को बहलाकर ले जाने की मिली थी शिकायत**

बात की गई। एक-दो ऐसे मरीज जो पहले जिला अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल पहुंचे, उनका भी पता लगाया गया। हालांकि ऐसे मरीजों की संख्या काफी कम मिली।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों शिकायत सामने आई थी कि लपका गिरोह के जरिए मां योजना के तहत जिला अस्पताल से कुछ मरीजों को शहर के निजी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। उस शिकायत पर जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना में बेनीवाल ऑर्थो सहित दो निजी अस्पतालों की जांच की गई। दोनों निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों से की गई बात के बाद यह निकलकर सामने आया है कि वे अपनी मर्जी से निजी अस्पताल में आए थे, क्योंकि उन्हें सरकारी अस्पताल में समय लग रहा था। सरकारी अस्पताल में एक-दो दिन का समय लगने की बात कही जा रही थी।

इन दोनों अस्पतालों की जांच में लपका गिरोह सक्रिय होने जैसी कोई बात सामने नहीं आई, लेकिन शिकायत पर अन्य निजी अस्पतालों की भी जांच की जायेगी। सीएमएचओ के अनुसार जिला अस्पताल में लपका गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए पीएमओ की ओर से भी अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद निकलने वाले मरीजों की सूची समय-समय पर विभाग को प्राप्त होती रहती है।